# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ उन्नीसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 1–100 तक की संख्याओं की पहचान कर पाएँगे।

सप्ताह–19

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या पूर्व गणितीय अवधारणाओं से परिचय | 10 मिनट | बड़े समूह में चित्र के माध्यम से लम्बे और छोटे पर चर्चा करें। जैसे– फीता लम्बा है और फुटा छोटा आदि। | बच्चों से मौखिक चर्चा करें आपके घर के किचन में कितनी चीज़ें गोल और चौकोर हैं उनकी संख्या लिखने को कहें। बच्चे यह भी बताएँ कि गोल और चौकोर में सबसे ज़्यादा कौन है? | आओ खेलें पुस्तिका से **बोल भाई कितने**? खेल खेलें। इस खेल को अंत तक खेलें। हर बार देखें कितने लोग बाहर हो गए कितने बचे? | चित्रों के पैटर्न बनाएँ। जैसे– गोल, त्रिकोण, चौकोर, गोल, त्रिकोण, चौकोर। बच्चों को इस पैटर्न को आगे बढ़ाने को कहें। | बच्चों को छोटे समूह में गोल, त्रिकोण आकृति का इस्तेमाल करके फूल और पत्ते बनाने को कहें। | पुनरावृत्ति |
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों को मौखिक रूप से कुछ संख्या बोलें और बच्चे उन संख्याओं को विस्तारित रूप में बताएँ। जैसे– संख्या 87 का विस्तारित रूप 80+7 होगा। इसी प्रकार अलग–अलग संख्याओं के साथ अभ्यास करें। | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– असलम के पास 60 किलो फल हैं। उसने 49 किलो फल पवन को दे दिए। बताएँ, असलम के पास अब कितने किलो फल बचे? | बच्चों से मौखिक रूप से गुणा की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– मोना ने एक किताब 10 रुपये में ख़रीदी। बताएँ, ऐसी ही 8 किताबें ख़रीदने के लिए मोना को कितने रुपये चाहिए? | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– 78 में कितना कम करें कि 37 हो जाए? | बड़े समूह में बच्चों के साथ संख्याओं के अंतर पर चर्चा करें। जैसे– 88 और 67 दोनों संख्याओं के बीच में कितना अंतर है? बच्चों से यह भी पूछें कि आपने कैसे पता लगाया? | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 20 मिनट | बड़े समूह में बच्चों को कुछ अंक कार्ड दें और उनसे दो अंकों की संख्या बनाने के लिए कहें। इसी प्रकार छोटे–छोटे समूह में अलग कार्ड देकर अभ्यास करें। | बड़े समूह में बच्चों को तीन अंक कार्ड दें। अब उन्हें दो अंकों की संख्याएँ बनाने के लिए कहें। छोटे–छोटे समूह में अंकों को छोटे से बड़े क्रम में लगाने को कहें। | छोटे समूह में स्तर के अनुसार संख्या चार्ट वाचन 1–100 तक का ज़िग ज़ैग तरीक़े से पढ़ने को कहें। जैसे– 1..12...3....14....5...16 ... आदि। | आओ खेलें पुस्तिका की मदद से **कौन बड़ा–कौन छोटा** 50–100 तक की संख्याओं के साथ अभ्यास करें। | बड़े समूह में बच्चों के साथ संख्याओं की तुलना मूर्त वस्तुओं की मदद से करें। जैसे– 39 और 93 में कौन–सी संख्या बड़ी और कौन–सी संख्या छोटी है? | पुनरावृत्ति |
| मौलिक/ मूलभूत संक्रियाएँ (जोड़ व घटाव) | 20 मिनट | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– रियाज ने 40 रुपये की चीनी और 25 रुपये के चावल ख़रीदे तो बताएँ रियाज ने कितने रुपये ख़र्च किए? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– फ़ातिमा और मीना की आयु का जोड़ 48 वर्ष है। यदि मीना की आयु 19 वर्ष है तो बताएँ, कि फ़ातिमा की आयु कितनी होगी? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– आबिद के पास 45 जामुन हैं। गणेश के पास आबिद से 48 जामुन अधिक हैं। बताएँ, गणेश के पास कितने जामुन हैं? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– एक पेटी में 72 आम हैं, 28 आमों को माँ ने बच्चों में बाँट दिया। बताएँ, पेटी में कितने आम बचे? | जोड़ व घटाव के दो अंकीय कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करें और सवाल हल करके दिखाएँ। जैसे– एक स्कूल में 45 लड़के व 49 लड़कियाँ हैं, तो बताएँ, स्कूल में कुल कितने बच्चे हैं? | पुनरावृत्ति |